>

Title: Situation arising due to rise in cases of Dengue and infectious diseases in Delhi and other parts of the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): सभापति महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवेदनशील मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया है। आज देश की राजधानी दिल्ली भी चिन्तित है, लगातार दिल्ली में बढ़ते हुए डेंगू के प्रभाव से 13 अस्पतालों में लगभग 1070 मरीज भर्ती हो चुके हैं। होलीफैमिली और कई ऐसे अस्पताल हैं, जहां पर अब डेंगू से प्रभावित मरीजों को लिया भी नहीं जा रहा है।

सभापति महोदय, मैं समझता हूं कि देश की राजधानी में दो महीने से भी कम समय है, जब कॉमन वैल्थ गेम आयोजित होने जा रहे हैं, जिसमें केवल कॉमन वैल्थ के खिलाड़ी ही नहीं आएंगे, बल्कि पूरी दुनिया से पर्यटक एवं विदेशी मेहमान आएंगे। यह संदेश जा रहा है कि देश की राजधानी दिल्ली डेंगू जैसे संक्रामक रोग से प्रभावित है। पिछले दिनों स्वाइन फ्लू से कितनी कठिनाइयां उत्पन्न हो गई थीं। हमारे पर्यटन पर प्रभाव पड़ा था और पर्यटकों की संख्या कम हुई थी, जो इस देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण उद्योग है। आज हमारे सामने दो चुनौतियां हैं, एक चुनौती कॉमन वैल्थ गेम को सम्पन्न कराने की है, जिसमें कि तमाम खिलाड़ी एवं विदेशी लोग आ रहे हैं और दूसरी तरफ दिल्ली के जो स्थानीय लोग हैं, दिल्ली के किसी भी इलाके में चले जाइए, यहां से लेकर ओखला तक या पुरानी दिल्ली में चले जाइए, दिल्ली के किसी भी एरिया में आज लगातार डेंगू के बढ़ते हुए प्रभाव एवं प्रकोप से पीड़ित हैं।

सभापति महोदय, रेलवे लाइन के ट्रेक के किनारे जो तालाब एवं गड्ढे हैं, भारत सरकार उनके लिए, दिल्ली में नार्दन रेलवे ने एक ट्रेन चलाने की व्यवस्था की है, जिसमें मॉसकीटो टर्मिनेटर नाम की ट्रेन है, एमसीडी डिपार्टमेंट को उस पर कंटेनर रख कर छिड़काव कराना है। अगर हम युद्धस्तर पर उदासीनता बरतेंगे,...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please sit down Shri Lal Singhji. You please go to your seat.

...(*Interruptions*)

श्री जगदम्बिका पाल : मैं समझता हूं कि आज इस डेंगू के प्रभाव से न केवल दिल्ली प्रभावित है, बल्कि देश के अन्य दूसरे प्रदेश भी प्रभावित हैं। मुंबई में जिस तरह से मलेरिया का प्रभाव पड़ा, दिल्ली का एमसीडी का जो मुख्यालय है, वहां पर भी डेंगू के लारवा मिले।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You have already said everything. Please conclude.

SHRI JAGDAMBIKA PAL : I am raising a very important issue which affects the health of the people of Delhi. I am not talking any political thing.

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आज इस संक्रामक रोग के लिए दिल्ली में जो एमसीडी है, हमारे भारतीय जनता पार्टी के लोग बैठे हुए हैं, उन्हीं की एमसीडी और मेयर हैं। मेयर ने खुद स्वीकार किया है कि दिल्ली में लारवा है, तालाबों में पानी है, मलवे की सफाई नहीं हो सकी है। दिल्ली देश की राजधानी है और वहां पर सफाई नहीं हो सकी। इसलिए मैं चाहता हूं कि तत्काल युद्धस्तर पर डेंगू की रोकथाम के लिए या पूर्वी उत्तर प्रदेश में जापानी एनसेफ्लाइटिस या मलेरिया के लिए युद्धस्तर पर प्रभावी कार्यवाही की जाए।

MR. CHAIRMAN: I do not say that. But you have to confine to the timing.

SHRI JAGDAMBIKA PAL : You are kind enough. I must thank you for that.